Nai Dunia (Indore), 5th January 2024, Nai Dunia City Page-IV

# सेंटर आफ एक्सीलेंस के लिए आइआइटी ने किया एमओयू




समझौते पर हस्ताक्षर करते आइआइटी इंदौर के निदेशक सुहास जोशी और केस न्यू हालैंड के डायरेक्टर सतेंद्र तिवारी। ●सौ. संस्थान

उद्योगों और शिक्षाविदों को एक-दूसरे की योग्यताओं का लाभ देने और औद्योगिक समस्याओं को हल करने के लिए विचारों व विशेषज्ञता का आदान-प्रदान करने के लिए एक महत्वपूर्ण एमओयू हुआ है।

यह एमओयू केस न्यू हालैंड कंस्ट्रक्शन इक्विपमेंट (इंडिया) प्रालि इंदौर ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) इंदौर के साथ किया है। दोनों प्रमुख संस्थान मिलकर सेंटर आफ एक्सीलेंस (सीओई) स्थापित करेंगे। केस न्यू हालैंड के डायरेक्टर सतेंद्र तिवारी और आइआइटी इंदौर के निदेशक सुहास जोशी ने समझौते पर हस्ताक्षर किए। यह सेंटर छात्रों और औद्योगिककर्मियों को निरंतर ज्ञान अर्जित करने के लिए प्रशिक्षित और प्रेरित करेगा। इसके अलावा केस न्यू हालैंड को सीएसआर फंडिंग के तहत अनुसंधान उपकरणों का योगदान देगा, जो सीओई की स्थापना और संचालन के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचा और सहायता प्रदान करेगा।